भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 5564

(दिनांक 06.04.2022 को उत्तर के लिए)

आईएएस पदों/संवर्गों को स्वीकृति

5564. श्री अरविंद सावंत :
श्री विनायक भाऊराव राऊत :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में विशेष रूप से महाराष्ट्र में इस समय कुल कितने आईएएस पद/संवर्ग रिक्त हैं और उक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है;

(ख) इस समय महाराष्ट्र में कार्यरत कुल आईएएस अधिकारियों का पद/संवर्ग-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा सभी पदों में नियुक्ति करने या उन्हें भरने के लिए क्या उचित कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ग) : रिक्तियों का उत्पन्न होना और भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। सरकार का यह प्रयास है कि रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरा जाए। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) प्रत्येक वर्ष आईएएस में रिक्तियों को सीधी भर्ती के आधार पर भरने के लिए सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) का आयोजन करता है। पदोन्नति कोटे में रिक्तियों को भरने के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा राज्य सरकारों के साथ चयन समिति बैठकें आयोजित की जाती है। इसके अलावा, सीएसई - 2022 से सीएसई - 2030 तक प्रत्येक वर्ष सीएसई के माध्यम से लिए जाने वाले सीधी भर्ती के आईएएस अधिकारियों की संख्या की सिफारिश करने के लिए एक समिति गठित की गई है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली, 1954 के नियम 7 के अनुसार किसी राज्य संवर्ग के मामलें में संवर्ग पदों पर सभी नियुक्तियां संबंधित राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। सिविल सूची 2021 के अनुसार दिनांक 01.01.2021 तक महाराष्ट्र संवर्ग (केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति सहित) में आईएएस अधिकारियों की कुल संख्या 338 है। इनका स्तर-वार ब्यौरा निम्नानुसार है :

शीर्ष स्तर	- 25
एचएजी स्तर	- 47
एसटीएस स्तर	- 59
वरिष्ठ वेतनमान स्तर	- 207
कुल	**- 338**

****